दिनांक 19.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

कल महावृक्षारोपण अभियान, निगम भिलाई द्वारा लगाये जायेंगे 10 हजार से अधिक पौधे

भिलाईनगर/भिलाई क्षेत्र को हराभरा रखने एवं प्रदुषण मुक्त वातावरण बनाये रखने के लिए नगर निगम भिलाई द्वारा आयुक्त के0एल0 चौहान के मार्गदर्शन में 10 हजार से अधिक वृक्षारोपण नगर के विभिन्न जोनों में सुबह 9 बजे से किया जायेगा। प्रमुख वृक्षों में नीम, अमलताश, सेमीमा, आंवला, गुलमोहर, पुजजीता, सेमर, कचनार, मोलजी, अर्जुन, कनेर, बॉटलपॉम, जामुन, मुंनगा, स्टोपीटीमॉ, टीकोमा, आदि प्रकार के वृक्ष लगाये जायेगें। जिसके लिए इसकी तैयारी पहले से ही चल रही है।

जोन 01 नेहरु नगर क्षेत्र में खम्हरिया श्मशान घाट, नेहरु नगर स्थित उद्यान, प्रियदर्शिनीय परिसर रेलवे स्टेशन के पास, प्रियदर्शिनीय परिसर पूर्व, राधिका नगर, आमा तालाब एवं दाउ बाड़ा तालाब, जुनवानी रोड सुलभ के बाजु में उद्यान, नेहरु नगर भेलवा तालाब, में लगभग 2 हजार पौधों का रोपण किया जाना ळें

जोन 02 वैशाली नगर क्षेत्र में दशहरा मैदान, महादेव गार्डन, बाल उद्यान, लोक भारती स्कुल के सामने, दुर्गा मंच, सामुदायिक भवन के पास राजीव नगर उद्यान, रामनगर मुक्तिधाम परिसर, जवाहर नगर, बसंत विहार, सम्पवेल के पास बाबा दीप सिंह नगर, कन्या शाला टंकी 2 व 3, ट्रेंगल पार्क कालीबाड़ी, नकटा तालाब, ढौर तालाब, शीतला तालाब, श्मशान घाट, दुर्गा पण्डाल,ढ़ांचा भवन प्रगति नगर स्कुल, कैलास नगर, दशहरा मैदान गार्डन, चैता मैदान सामुदायिक परिसर, वृन्दा नगर हरि परिसर, आन्द्र स्कुल प्रांगण, सुर्य कुण्ड 32 एकड़ स्थित उद्यान, उपरोक्त जगहों पर लगभग 1950 वृक्ष लगाये जायेगें।

जोन 03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में नवीन प्रा. स्कुल मैदान वार्ड 22, मदर टेरेसा नगर आर. सी.सी. टंकी वार्ड 20, शा. 10 बिस्तर अस्पताल वार्ड 21, तालाब पार एवं साईफन के पास वार्ड 22, टाटा लाईन, पुलिस लाईन वार्ड 23, बी.टी.आई. ग्राउण्ड वार्ड 50 में लगभग 250 वृक्ष लगाये जायेगें। जोन 04 शिवाजी नगर क्षेत्र में सेग्रेकेशन सेट के पास वार्ड 36, नवीन महाविद्यालय वार्ड 35, छावनी लक्ष्मण नगर तालाब वार्ड 28, अण्डा चौक मैदान वार्ड 34, पं.दीनदयाल उपाध्याय मिनी स्टेडियम वार्ड 38, स्टोर पारा पुराना बस्ती वार्ड 39 में लगभग 1500 पौधे रोपे जायेगें। जोन 05 सेक्टर 06 बी.एस.पी. क्षेत्र में सेक्टर 04 सड़क 35 व 36 स्थित उद्यान, सेक्टर 06 एच. एस.सी.एल. कालोनी स्थित उद्यान, सेक्टर 6 लाल मैदान के समीप, कॉफी हाउस के सामने लगभग 500 पौधों का रोपण किया जायेगा।

जोन 06 रिसाली क्षेत्र में मुक्तिधाम जोरातराई शा.पु.मा. शाला मुक्तिधाम डुण्डेरा, शंकर नगर स्थित उद्यान, शा.उ.मा. शाला मुक्तिधाम नेवई, उमरपोटी रोड नेवई, शा.उ.मा. शाला स्टेशन मरोदा, शा.प्रा. शाला स्टेशन मरोदा, अंम्बेडकर स्कुल स्टेशन मरोदा, शा.उ.मा. शाला टंकी मरोदा, लंगुर मैदान, मरोदा से इस्पात क्लब बंगाली दुर्गा मैदान, दशहरा मैदान, बी.एस.एफ. के बाजु में, छोटा दशहरा मैदान, एस.एस.बी. कैम्पस् के सामने उद्यान, रिसाली मुक्धिाम स्थित उद्यान, मैत्री नगर, लक्ष्मीनगर, एकता उद्यान, हिन्दु मिलन मंदिर, वृन्दावन, मैत्रीकुंज उद्यान, शिव हनुमान मंदिर रुंआबांधा मैदान, दशहरा मैदान, शा.हाई स्कुल, भाठापारा प्रायमरी स्कुल में लगभग 1350 पौधों का रोपण किया जायेगा।

उद्यान विभाग द्वारा विशेष रुप से हुडको तालाब, खम्हरिया श्मशान घाट, जीई रोड के किनारे , संजय नगर तालाब के पास, अयप्पा नगर तालाब, ऑक्सिडेशन पांड स्थित मैदान के किनारे, में लगभग 2700 विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगवाये जायेगे। महापौर देवन्द्र यादव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, व्यापारिक प्रतिनिधि मण्डल, चेंम्बर ऑफ कामर्स, स्कुल, कॉलेज के

छात्र–छात्राओं, वार्डवासियों, से अपील की है कि अपने क्षेत्र के निर्धारित स्थल पर पहुंचकर वृक्ष लगायें, इस पुनीत कार्य में सहयोगी बनें।

जनसम्पर्क अधिकारी